# दीवाली का त्यौहार है झूम उठा संसार है लिरिक्स

दीवाली का त्यौहार है,
झूम उठा संसार है,
खुशी सभी परिवार है,
अवधपुरी में जाकर देखो,
दीपों की कतार है॥

---

कोई आँगन लीप रहा है,
कोई करे पुताई है,
खुशी खुशी सब नारियों ने,
रंगोली सजाई है,
सजे सभी के द्वार है,
झूम उठा संसार है,
खुशी सभी परिवार है,
अवधपुरी में जाकर देखो,
दीपों की कतार है॥

---

चौदह बरस के बाद हमारे,
राम अयोध्या आये है,
राज तिलक जब हुआ प्रभु का,
नर नारी हर्षाये है,
गूंजे जय जयकार है,
झूम उठा संसार है,
खुशी सभी परिवार है,
अवधपुरी में जाकर देखो,
दीपों की कतार है॥

---

घर की साफ़ सफाई करलो,
लक्ष्मी मैया आएगी,
श्री गणेश भी साथ पधारे,
घर घर खुशियां छाएगी,
धन से भरे भण्डार है,
झूम उठा संसार है,
खुशी सभी परिवार है,
अवधपुरी में जाकर देखो,
दीपों की कतार है॥

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

नगर नगर में गांव गांव में,
पटाखों का शोर है,
खुशियों के अनार फूटते,
देखो चारों और है,
मिठाई भी तैयार है,
झूम उठा संसार है,
खुशी सभी परिवार है,
अवधपुरी में जाकर देखो,
दीपों की कतार है।bd।

दीवाली का त्यौहार है,
झूम उठा संसार है,
खुशी सभी परिवार है,
अवधपुरी में जाकर देखो,
दीपों की कतार है।bd।

**Singer – Mukesh Kumar**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com